हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम-दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100

क्र. 661 /परीक्षा/UTD/प्रवेश/2026 दुर्ग, दिनांक 11/07/2026

//अधिसूचना//

प्रवेश परीक्षा 2026

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग **अध्ययनशालाओं** के संचालित पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु दिनांक 17.07.2026 (दिन–शुक्रवार) को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार अधिसूचित किये जाते हैं:-

1. **विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययनशालाओं के संचालित पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश परीक्षा हेतु लिखित परीक्षा ऑफलाईन माध्यम से दिनांक 17.07.2026 दिन शुक्रवार को तीन पालियों (प्रथम पाली - प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली- दोपहर 01 बजे से 02 बजे तक, तृतीय पाली- दोपहर 03 बजे से 04 बजे तक) परीक्षा केन्द्र-कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर- 07, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) में आयोजित की जाएगी ।**
2. परीक्षार्थी निर्धारित समय से 01 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. परीक्षार्थियों को परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट पश्चात् परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी |
4. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा समाप्त होने के पूर्व परीक्षा कक्ष/हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी |
5. **परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त एक पहचान पत्र यथा- पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधारकार्ड/वोटर आई.डी. आदि लाना अनिवार्य है। वैध पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी |**
6. **प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.durguniversity.ac.in Quick Links - Admit Card Entrance Exam-2026 पर जाकर दिनांक 13-07-2026 से डाउनलोड किये जा सकेंगे |**
7. **यदि परीक्षार्थी ने एक से अधिक विषय/पाठ्यक्रम हेतु आवेदन किया है, तो उन्हें प्रत्येक विषय/पाठ्यक्रम की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पृथक पृथक प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा|**
8. प्रवेश परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्नों से युक्त कुल 100 अंकों की होगी।
9. परीक्षा OMR SHEET आधारित पद्धति से आयोजित की जाएगी | किसी प्रश्न में उत्तर का चयन न करने पर कोई अंक नही दिया जायेगा एवं गलत विकल्प का चयन करने पर कोई अंक नही काटे जायेंगे |
10. **प्रवेश परीक्षा प्रणाली**

परीक्षा पद्धति - प्रवेश परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) होंगे।

प्रश्न	अंक	विवरण
01 से 50 प्रश्न	50 × 02 = 100 अंक	प्रवेश परीक्षा हेतु जारी पाठ्यक्रम अनुसार प्रश्न पूछे जायेंगे	

11. प्रवेश परीक्षा 2026 निम्नलिखित विषयों के लिये आयोजित होगी -

1. एम.एससी. गणित (M.Sc. Mathematics)
2. एम.एससी. वनस्पतिशास्त्र (M.Sc. Botany)
3. एम.एससी. भौतिकशास्त्र (M.Sc. Physics)
4. एम.एससी. प्राणीशास्त्र (M.Sc. Zoology)
5. एम.एससी. रसायनशास्त्र (M.Sc. Chemistry)

12. विश्वविद्यालय अध्ययन शालाओं के लिए प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी :-

क्रं.	**विषय/कक्षा (जिसकी परीक्षा आयोजित की जाएगी)**	**समय**
01	गणित एवं वनस्पतिशास्त्र	प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक
02	भौतिकशास्त्र एवं प्राणीशास्त्र	दोपहर 01 बजे से 02 बजे तक
03	रसायनशास्त्र	दोपहर 03 बजे से 04 बजे तक

13. परीक्षार्थियों को काले/नीले बॉल प्वाईंट पेन, पानी की पारदर्शी बोतल रखने की अनुमति होगी।
14. परीक्षा संबंधी किसी भी विवाद पर कुलपति महोदय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क. 662 /परीक्षा/UTD/प्रवेश/2026 दुर्ग, दिनांक 11/07/26

प्रतिलिपि :-

1. प्राचार्य, संबंधित परीक्षा केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उपकुलसचिव/वित्त अधिकारी/सहायक कुलसचिव, समस्त विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ ।
4. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सूचनार्थ ।
5. मैनेजर, परीक्षा कार्य में संलग्न फर्म, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर, दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
6. सम्पादक, समस्त क्षेत्रों के समाचार पत्रों को सूचनार्थ ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)